R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 50 | अंक : 11 | नवम्बर 2020 | सं. 2077 कार्तिक | लागत मूल्य : ₹ 6

स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल

## दीपावली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ

दीप जगमगाते रहे, सबके घर झिलमिलाते रहे
साथ हो सब अपने, सब यूँही मुस्कराते रहे



प्रिय स्वजनों,

जय श्री कृष्ण।

हमारे त्यौंहार, हमारे रीति रिवाज एवं हमारी परम्पराएँ अपनी संस्कृति की धरोहर है, हमारी पहचान है। हाल ही में हमने नवरात्रि पर्व एवं विजयादशमी का त्यौंहार मनाया है। दीपावली का त्यौंहार भारतीय संस्कृति का सबसे बडा त्यौंहार है क्योंकि यह केवल एक दिन ही नहीं अपितु अनेक दिनों तक मनाया जानेवाला त्यौंहार है।

लक्ष्मी पूजन के दिन रात्रि में अनेक दीप प्रज्वलित कर हम लक्ष्मीजी की आराधना करते है। परम्परानुसार श्री महालक्ष्मीजी की पानड़ी की हम पूजा करते हैं। इस पानड़ी में श्री महालक्ष्मीजी ही नहीं बल्कि बांयी ओर श्री गणेशजी और दायीं ओर श्री सरस्वतीजी विराजमान हैं। अर्थात महालक्ष्मीजी के साथ-साथ हम गणेशजी और सरस्वतीजी की पूजा भी करते हैं। सरस्वतीजी विद्या एवं गणेशजी बुध्दि और विवेक के प्रतीक हैं। भावार्थ यही है कि श्री महालक्ष्मीजी की कृपा तभी होगी जब श्री गणेशजी व सरस्वतीजी की कृपा हम पर होगी, अर्थात विद्या, बुध्दि और विवेक के अस्तित्व में ही लक्ष्मी का आगमन सार्थक है। लक्ष्मी पूजन का यही भावार्थ ध्यान में रखकर हम सभी दीपोत्सव मनाते है।

बलिप्रतिपदा जिसे पाडवा भी कहते है, नये वर्ष का यह प्रथम दिन माना जाता है। राक्षस कुल में जन्मे बलि, दानवीर राजा थे। अपने अच्छे कर्मों से उन्हे भगवान वामन (विष्णु) की कृपा प्राप्त हुई।

सत्कर्म कर के जीवन सार्थक करने का बलिप्रतिपदा का संदेश है। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी। पर्वतों का अर्थात प्रकृति (पर्यावरण) का संवर्धन करने का संदेश हमे इससे मिलता है।

भाई दूज, दीपावली का अन्तिम दिन, भाई बहन के पवित्र रिश्ते को एवं पारम्परिक स्नेह को अभिव्यक्त करता है। बहन अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती है।

भारतीय संस्कृति का, परम्पराओं का एवं मौलिक संदेशों का यह पर्व खुशियों से मनाने के लिए आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

करोना महामारी से मनुष्य जीवन अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। हमारी संस्कृति के मौलिक तत्व,मान्यताएँ, परंपराएं व त्यौंहार इन चुनौतियों से उभरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अत: इनका यथा सम्भव अवश्य पालन करें। दीपावली के इस त्यौंहार में ज्ञान,भाईचारा,सहयोग, प्रेम का दीपक प्रज्वलित कर अपना व अपने परिवार, मित्र परिवार, रिश्तेदार, पड़ोसी आदि के जीवन में खुशियाँ बांटने का प्रयास अवश्य करें। **Show Must Go On......**

**दीपावली की मंगल कामनाओं के साथ,**

जय महेश

विनम्र

अजय मंत्री-अध्यक्ष

दिनांक : 13 नवम्बर 2020

## मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# दीपावली स्नेहमिलन

**बुधवार, दि. 18 नवम्बर 2020 सायं 7.30 बजे**

**Zoom App पर**

**इस अवसर पर पूर्व में सम्पन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियां (भूली बिसरी यादें) प्रस्तुत की जायेगी।**

**कृपया अधिक से अधिक संख्या में जुडे**

**Zoom ID एवं Password शीघ्र ही प्रेषित किये जायेंगे।**

| निवेदक | संयोजक/संयोजिका | मो. क्र. |
|---|---|---|
| मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति | घनश्यामदास मून्दड़ा | 70456 61961 |
| मध्य मुम्बई महिला समिति | सुषमा जाजु | 93200 56000 |
| मध्य मुम्बई युवा समिति | दिनेश माहेश्वरी | 98673 96995 |

## चिकित्सा सहायता कोष

(माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)

**चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।**

आवेदन, पूर्ण विगत के साथ मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।
माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकर शेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002
• दूरध्वनि : 22005026 /27 /28 /33 /36 • फैक्स : 22018834
Email : info@mpmmumbai.in Website : www.mumbaimaheshwari.com

**COVID 19 के मद्देनजर गिरगांव भवन तथा अंधेरी भवन पर मेडिकल सहायता हेतु Medical Equipments निम्नानुसार उपलब्ध है। समाजबन्धु इनका लाभ ले सकते हैं।**

1) Oxygen Cylinder
2) Oxygen concentrator
3) Bipap machine
4) Cpap machine
5) Adjustable medical bed
6) Wheel Chair
7) Saline stand

संपर्क : गिरगांव भवन (022 22005026 / 27 / 28) • अंधेरी भवन - 022-26374253 / 56 / 57)

**समाजबन्धुओं की शोक सभा / बैठक Zoom APP पर आयोजित करने हेतु Zoom APP मण्डल द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाया गया है। अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।**

**प्रमोदकुमार देवपुरा - मंत्री - 9821155930**

## गोरेगांव क्षेत्रीय समितियों द्वारा

### दीपोत्सव के पर्व पर आयोजित

# Goregaon Got Talent 2020

रविवार
दि. २९ नवम्बर २०२०
सायं ५ बजे

*Come a step ahead, share with us your Talent*

Zoom App पर

✦ Crop or Messageable Dance ✦ Messageable Short Play
✦ Juggling ✦ Playing of Instruments ✦ Magic Show
✦ Different Sports Talent
✦ Any other special Talent....*you have in you Share with us...*

Note : Singing is Not a part of this Event. An event for All Age Group
For further details and share your video on whatsapp, Please contact......

**कार्यक्रम संयोजक**

किशोर काबरा - 98200 03307 मोनिका मालपानी - 79772 06270

| निवेदक | संयोजक/संयोजिका | मो. क्र. |
|---|---|---|
| गोरेगांव क्षेत्रीय समिति | गोपालकृष्ण मालपानी | ९२२३२ ६१५०६ |
| गोरेगांव महिला समिति | सुनिता भट्टड़ | ९८१९९ ९५११६ |
| गोरेगांव युवा समिति | विनोद होलानी | ९८१९२ ०१८६३ |

## श्रीजी शरण

1. श्री श्रीकांतजी सोमानी के पूजनीय पिताजी श्री श्रीनिवासजी बंसीधरजी सोमानी का वैकुण्ठवास दि. 10 नवम्बर 2020 को 84 वर्ष की आयु में मुम्बई में हो गया।
2. श्री निरजजी सारडा के पूजनीय पिताजी एवं श्रीमती सुशीलाजी सारडा के पति श्री लक्ष्मीनारायणजी सारडा का वैकुण्ठवास दि. 10 नवम्बर 2020 को जे.बी. नगर, अंधेरी में हो गया।
3. मण्डल के अध्यक्ष श्री अजयजी मंत्री तथा श्री अशोकजी, श्री आलोकजी एवं श्री अनूपजी मंत्री के पूजनीय पिताजी श्री पुष्करजी मंत्री का वैकुण्ठवास दि. 7 नवम्बर 2020 को 87 वर्ष की आयु में मुम्बई में हुआ। श्री पुष्करजी होमियोपेथि चिकित्सक थे आपने अनेक वर्ष होमियोपेथि चिकित्सा द्वारा लोगों की सेवा की। आप मृदुभाषी, धर्मपरायण, मिलनसार एवं सेवाभावी व्यक्ति थे।
4. श्री दिनेशजी एवं श्री नारायणजी बिहानी की पूजनीय माताजी श्रीमती सावित्रीदेवी शिवशंकरजी बिहानी का वैकुण्ठवास दि. 6 नवम्बर 2020 को मुम्बई में हो गया।
5. घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सिरेंकवर विठ्ठलदासजी फाफट के ज्येष्ठ भ्राता श्री बन्शीलालजी भट्टड का वैकुण्ठवास दि. 30 अक्टूबर 2020 को खामगांव (महाराष्ट्र) में हो गया।

**भगवान महेश दिवंगत आत्मा को चिरशान्ति प्रदान करें।**

\- मंत्री

स्थापना 1957
अविरत समाज सेवा

Post Reg.No.MCS/047/2020-21 RNI No. 22705/72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO. Mumbai 400 001. Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

# अंधेरी भवन एवं गिरगांव भवन के सम्बन्ध में सूचना

सरसवाणी

## अंधेरी भवन (022 26374253 /56/57)

- कोरोना महामारी (Covid 19) के मद्देनजर अंधेरी भवन के हाल का आरक्षण अर्ध / पूर्ण दिवस के लिए रियायती दरों पर किया जा सकता है। (कृपया अधिक जानकारी के लिए भवन में सम्पर्क करे।)
- सम्पूर्ण भवन सेनेटाइज व स्वच्छ / Disinfected किया गया है।
- कुछ कमरे समाजबन्धुओं के लिए (Not for Covid 19 Patients) QUARANTINE हेतु सुरक्षित रखे है।
- एक कमरे में एक कपल (दो व्यक्ति) रह सकते है।
- नास्ता, भोजन, गरम पानी , निम्बू रस, आयुर्वेदिक काढा आदि की व्यवस्था कमरे में रहने वालों के लिए सशुल्क उपलब्ध करवाई गई है।
- महाराष्ट्र शासन एवं BMC के निर्देशों का पालन आरक्षण कर्ता को करना अनिवार्य (MANDATORY) है, अन्यथा आरक्षण रद्द किया जा सकता है।

**संदीप परवाल** - 98203 15045
संयोजक - अंधेरी भवन व्यवस्था समिति

## गिरगांव भवन (022 22005026 /27/28)

- गिरगांव भवन के 3 व 6 मंजिल के कुल 8 (आठ) कमरों का आरक्षण किया जा सकता है।
- 4,5,7, एवं 8 मंजिल के कमरों का उपयोग BMC द्वारा QUARANTINE सेन्टर हेतु हो रहा है।
- भवन में चाय, नास्ता एवं भोजन की व्यवस्था नही है। निकटतम् भविष्य में यह व्यवस्था प्रारम्भ करवाई जाएगी ।
- महाराष्ट्र राज्य शासन एवं BMC के निर्देशों का पालन आरक्षण कर्ता को करना अनिवार्य (MANDATORY) है, अन्यथा आरक्षण रद्द किया जा सकता है।

**लक्ष्मीनारायण मून्दडा** - 93240 23777
संयोजक - गिरगांव भवन व्यवस्था समिति

Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28 फैक्स.: 22018834**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani

**if not delivered please return at : Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002**